# कोटि कोटि प्रणाम है गुरूवर आपके चरणों में लिरिक्स

तीरथ है धाम है,
गुरुवर आपके चरणों में,
कोटि कोटि प्रणाम है,
गुरूवर आपके चरणों में।bd।

देखे – सारे तीरथ धाम आपके।

---

ईश्वर जिनकी महिमा का,
मानव बनकर गान करे,
जिनके अमृत वचनों का,
स्वयं देवता पान करे,
झुके राम और श्याम है,
गुरुवर आपके चरणों में,
कोटि कोटि प्रणाम हैं,
गुरूवर आपके चरणों में।bd।

---

लख चौरासी का बंधन,
गुरु तत्व ही काटता है,
माया और दु:ख ले लेता,
सुख आनंद ही बांटता है,
कष्टों से विश्राम है,
गुरुवर आपके चरणों में,
कोटि कोटि प्रणाम हैं,
गुरूवर आपके चरणों में।bd।

---

बंद करूँ जब मैं आँखे,
गुरु चरणों का ध्यान रहे,
गुरु में देखूं शिव शक्ति,
गुरु चरणों में स्थान रहे,
ये विनती आठों याम है,
गुरुवर आपके चरणों में,
कोटि कोटि प्रणाम हैं,
गुरूवर आपके चरणों में।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तीरथ है धाम है,

गुरुवर आपके चरणों में,
कोटि कोटि प्रणाम है,
गुरूवर आपके चरणों में।bd।

**Singer – Shahnaz Akhtar**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com